दिनांक 21- 12 -22 , को सेबी द्वारा स्थापित ,राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान NISM * के द्वारा *कोना कोना शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 घंटे का दो दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

जनता कॉलेज बकेवर में आज दिनांक 21- 12 -22 , को सेबी द्वारा स्थापित ,राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान NISM * के द्वारा *कोना कोना शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 घंटे का दो दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर नलिनी शुक्ला के द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेश शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए वित्तीय व बैंकिंग क्षेत्र में सृजित होने वाले अवसरों के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री एम के सिंह एवं सुश्री डिंपल तिवारी को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया I प्रथम दिवस के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम को 4 सत्र में बांटा गया , जिसमें प्रथम सत्र में विनियोग के महत्व के अंतर्गत आय एवं व्यय तथा व्यय को आवश्यकता (need) एवं इच्छा (want) के रूप में बताया I कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वित्तीय विनियोग के अवसरों के बारे में सुश्री डिंपल तिवारी ने डीमेट अकाउंट, म्यूच्यूअल फंड, फण्ड मैनेजर, ट्रेक रिकॉर्ड एवं फैक्ट शीट से संबंधित जानकारी दी कार्यक्रम के तृतीय सत्र प्राथमिक बाजार तथा चौथे सत्र में द्वितीयक बाजार में विनियोग के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम सह संयोजक श्री गोपीनाथ मौर्या ने प्रथम दिवस के कार्यक्रम मे वित्तीय बाजार के दो अंग मुद्रा बाजार एवं पूंजी बाजार एवं पूंजी बाजार में कैसे जुड़े तथा प्रथम दिवस की उपलब्धियों को सूक्ष्म में बताते हुए कार्यक्रम का समापन किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि संकाय के संकाय अध्यक्ष एवं मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार पांडे , डॉ डीजे मिश्रा, डॉ प्रकाश दुबे, शिव मोहन अग्निहोत्री, अरविंद मिश्रा तथा वाणिज्य संकाय के समस्त छात्र एवं छात्राएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित होकर वित्तीय जागरूकता प्राप्त किया

NiSM
Kona Kona Shiksha
kotak
Life Goals...
Building your home
Marriage
Setting up a small business
Buying agricultural land